(1) of section 619-A of the Companies Act, 1956:—

(i) Fourth Annual Report and Accounts of the Film Finance Corporation Limited, Bombay, for the year 1963-64, together with the Auditors' Report on the Accounts. [Placed in Library. *See* No. LT-7225/66.]

(ii) Fifth Annual Report and Accounts of the Film Finance Corporation Limited, Bombay, for the year 1964-65, together with the Auditors' Report on the Accounts.

(iii) Review by Government on the working of the Corporation for the period April, 1963 to March, 1965.

[Placed in Library. *See* No. LT-7226/66 for (ii) and (iii).]

STATEMENT GIVING REASONS FOR DELAY IN LAYING ANNUAL REPORT (1963-64) OF THE FILM FINANCE CORPORATION LIMITED, BOMBAY

SHRI RAJ BAHADUR: Sir, I also beg to lay on the Table a statement giving the reasons for the delay in the laying the Annual Report of the Film Finance Corporation Limited, Bombay, for the year 1963-64. [Placed in Library. *See* No. LT-7225/66.]

ANNUAL REPORT (1965-66) OF THE ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (DR. SUSHILA NAYAR): Sir, I beg to lay on the Table, under Section 19 of the All India Institute of Medical Sciences Act, 1956, a copy of the Tenth Annual Report of the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi, for the year 1965-66. [Placed in Library. *See* No. LT-7191/66.]

NOTIFICATIONS OF THE ELECTION COMMISSION

SHRI RAJ BAHADUR: Sir, on behalf of Shri C. R. Pattabi Raman I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications of the Election Commission:—

(i) Notification S. O. No. 2213, dated the 16th July, 1966, publishing Order No. 6A, making certain corrections in the Delimitation Commission's Order No. 6 dated the 26th March, 1966, relating to the State of Gujarat.

(ii) Notification S.O. No. 2457, dated the 10th August, 1966, publishing Order No. 6B, making certain corrections in the Delimitation Commission's Order No. 6, dated the 26th March, 1956, relating to the State of Gujarat.

[Placed in Library. *See* No. LT-7240/66 for (i) and (ii).]

MOTION *RE* WIDESPREAD UNREST AMONG STUDENTS

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया (मध्य प्रदेश): I move:

"That the situation arising out of the recent widespread unrest among students in the country be taken into consideration."

सभापति महोदय, भारत में आज जो विद्यार्थियों की स्थिति हो रही है और जो देश में उनको आन्दोलन करने को बाध्य होना पड़ रहा है और सारे देश में अव्यवस्था फैल रही है, उसके बारे में मेरा प्रस्ताव है। सभापति महोदय, जब हम भारतवर्ष का इतिहास पढ़ते हैं तो ऐसा लगता है कि हमारे यहां भारत के विद्यार्थियों की जो परम्परा थी वह थी एक दूसरे के प्रति प्रेम एवं श्रद्धा रखना, बड़ों का आदर करना, और देश भक्ति की भावना रखना, वह आज भी विद्यमान है, किन्तु हमारे देश की जो परिस्थिति है उस ने हमारे सारे भारत वर्ष के विद्यार्थियों को मजबूर कर दिया और

उनको अपनी उचित मांगे मनवाने के लिए, अपना भविष्य उज्जल करने के लिए प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ा। सभापति महोदय, माननीय शिक्षा मंत्री जी ने भी जो अपना वक्तव्य दिया था उसमें वे स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि :

"I have basic faith in the patriotism, idealism and dynamism of the youth."

यह बात बिल्कुल सही है। आज भी हमारे यहां का युवक देशभक्त है, आज भी हमारे यहा का युवक आदर्शवादी तथा गतिमान है और हमारे देश की सेवा करते रहना चाहते है। परन्तु फिर क्या कारण है किन परिस्थितियों से वह मजबूर हो गया है कि जो आज हम अपने देश में अव्यवस्था देख रहे हैं और विद्यार्थियों में अनुशासन का अभाव है ? हमारे जवान जिन पर हमारे देश की केवल एक प्रकार की उन्नति नही, सर्वांगीण उन्नति निर्भर है, आध्यात्मिक, बौद्धिक, हमारी सुरक्षा की दृष्टि से, हमारी राजनीति की दृष्टि से, और जो कि हमारे भावी भारत के निर्माता हैं, जो कि उसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिये विद्यालयो में अध्ययन करते है, क्या कारण है कि आज उनमें ऐसी मनोवृत्ति विकसित हो रही है कि आज उनकी वजह से हमारे समाज में हड़तालें, प्रदर्शन और गड़-बड़ियां चल रही हैं, लूटने, जलाने, सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनायें हो रही हैं। यह सारी अव्यवस्था का कारण क्या है ? यह अव्यवस्था केवल एक दिन की नहीं, हमारी सरकार स्वयं स्वीकार करती है कि वर्षों से चली आ रही है। आजादी के बाद से इसने और व्यापक रूप धारण कर लिया है। आज से 11 वर्ष पूर्व यू० जी० सी० वे एक कमेटी बैठाई थी, उसने सिफारिश की थी कि हमारे यहां के विद्यार्थियों के लिए एक "जीन" की नियुक्ति की जानी चाहिये, जिसकी जिम्मेदारी विद्यार्थियों की तरफ ध्यान देने की और अनुशासन रखने की हो। दूसरी सिफारिश यह थी कि पन्द्रह, बीस विद्यार्थियों को एक अध्यापक से सम्बन्धित रखा जाये जो विद्यार्थियों का "डीन" के सहयोग से काम करता रहे और उनकी ठीक तरह की व्यवस्था करे। लेकिन उन सिफारिशों पर कोई, अमल नही हुआ और वे दराज में शोभायमान हो रही हैं। इसके बाद यू० जी० सी० ने 1960 में एक नयी कमेटी बनाई, और उस के कुछ सदस्य हमारे राज्य सभा के भी माननीय सदस्य है। उन्होंने भी सिफारिशें कीं, वे सारी सिफारिशें इस पुस्तक मे विद्यमान हैं। मैं उनको दोहराना नहीं चाहता। वह रिपोर्ट है। "प्राबलम आफ स्टूडेन्ट इन्डिसिप्लिन इन इंडियन यूनिवर्सिटीज" । उसमें सारी सिफारिशें मौजूद हैं अच्छे अच्छे लोगों ने अध्ययन करके अपनी सिफारिशें कीं। मगर हमारा शासन इतना अक्षम है कि उनको कार्य रूप में परिणत नहीं किया और अब दिन पर दिन हमारे देश की परिस्थिति बद से बदतर होती जा रही है, हमारे देश का युवक जिसको हम समझते हैं आदर्शवादी है, जिसको हम समझते हैं कि देशभक्त है, जिसको हम गतिशील मानते हैं आज ऐसे गलत कामो को करने के लिये मजबूर हो रहा है। यह जो हमारी अव्यवस्था है इसका कारण केवल यही मान कर चला जाये तो एकपक्षीय होगा कि वह शैक्षणिक समस्या है।

हमारे विद्यार्थियों में आज जो इस तरह की मनोवृत्ति विकसित हो रही है उसके कारण हैं आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, प्रशासनिक और शैक्षणिक। इन सारे कारणों का क्युमुलेटिव्ह इफेक्ट होकर हमारे समाज में, हमारे यहां के विद्यार्थियों में आज इस तरह की मनोवृत्ति के रूप में प्रकट होते हुए दिखाई दे रहा है। जब तक हम इसका सामूहिक रूप से इलाज न करेगे तब तक समस्या हल नहीं हो सकती। बिना उन कारणों का शोधन किये उनका इलाज नही हो सकता हम अपेक्षा करें कि एक पक्षीय कार्य करने से

[श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरडिया]

हमारे यहां के विद्यार्थियों की समस्या ठीक हो सकेगी या हमारे देश की व्यवस्था ठीक हो सकेगी और जिस प्रकार हम अपने राष्ट्र को उनके माध्यम से उन्नति के शिखर पर ले जाना चाहते हैं ले जा सकेंगे यह संशयात्मक हैं । इसके लिये हमारे समाज का, हमारे राष्ट्र का और संसद का सब से बडा कर्त्तव्य यह है कि हम उन भावी निर्माताओं को ठीक दिशा देने के लिये इस प्रश्न पर गम्भीरता से विचार करके आगे बढ़ें और उन कारणों पर विचार करके ठीक दिशा निर्देशन दें अन्यथा जो हमारे भारतवर्ष का भविष्य है और आगे आने वाली पीढ़ी है, वह खतरे में पड जायगी, जो कि हमारे लिये गौरव की बात नहीं, हमारे लिये बिलकुल अनुचित होगा । इस दृष्टि से मैं निवेदन करूंगा कि शासन इस पर गम्भीरता से विचार करे ।

सभापति महोदय, अगर हम आर्थिक कारण को देखें तो एक आदमी कालेज से निकलने के बाद भी जब यह देखता है कि मुझे अच्छी नौकरी नहीं मिल पायेगी, मैं खाने कमाने लायक नहीं रहूंगा, जिन मेरे पालकों ने जो हजारों रुपये खर्च किये हैं उसका कुछ हिस्सा भी न चुका सकूंगा, मैं अपने पालकों पर बर्डन के रूप में हो जाऊंगा, तो उसमें फ्रस्ट्रेशन पैदा होता है ।

हमारे देश में फैली महंगाई भी उसका एक कारण है जो हमारे सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के परिणामस्वरूप सारे देश में अव्यवस्था फैली हुई है । अगर लोगों की आर्थिक स्थिति खराब न होती और यह महंगाई न होती तो इतनी स्थिति खराब नहीं होती । आज जो पहले थोड़ी फीस देनी पड़ती थी वह ज्यादा देनी पड़ती है, पुस्तकों का मूल्य दुगुना तिगुना देना पड़ता है, खाने के व अन्य खर्चे ज्यादा देने पड़ते हैं और सभी चीजों की कीमत ज्यादा देनी पड़ती है । सारा बर्डन पिता पर पड़ता है और जब वे पिता से पैसे मांगने जाता है तो बढ़ती हुई महंगाई के कारण पिता के दिमाग में जो गुस्सा होता है वह बच्चों पर निकालता है और उसका परिणाम यह होता है कि आर्थिक अव्यवस्था के कारण, बढ़ती हुई महंगाई के कारण, हमारे उस विद्यार्थी के दिमाग में फ्रस्ट्रेशन बढता जा रहा है और उसको निश्चिन्तता नहीं है । इस लिए जब तक हम आर्थिक कारण को ठीक नहीं कर देंगे , आर्थिक स्थिति ठीक नहीं कर दें तब तक हम यह अपेक्षा करें कि हमारे यहां विद्यार्थी अथवा समाज ठीक दिशा में काम करें, यह तो हो नहीं सकता । कितनी योजनाएं बनाई जा रही हैं मगर ज्यों ज्यों दवा की त्यों त्यों मर्ज बढ़ता ही गया । आज हम देखते है हमारे देश में बेकारों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है और जो पंचवर्षीय योजना का प्रतिवेदन है उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है ।

सभापति महोदय, इन घटनाओं के सामाजिक कारण भी है; हमारे सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन होते जा रहा है ।परिवर्तन भारत में विद्यार्थियों में यह परम्परा थी कि वे बड़ों का आदर करे। गुरु को ईश्वर से भी अधिक महत्व देने की परम्परा थी । "गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु गुरु देव महेश्वरः, गुरु साक्षात परब्रहम तस्कयै श्री गुरुवै नमः" यह परम्परा थी । गुरु की आज्ञा पर शिष्य अपना जीवन दे देते थे । पर आज शिष्य का कहना न मानने पर शिष्य अध्यापक की जान तक लेलेते हैं । उस समय गुरु और शिष्य में इतना समन्वय था कि शिष्य गुरु के माध्यम से अपने लक्ष तक पहुच जाता था और भगवान को भी प्राप्त कर सकता था । लेकिन आज देखने में यह आता है कि गुरु के प्रति शिष्य की वह श्रद्धा नहीं रही । एकलव्य से जब गुरु ने गुरु दक्षिणा मांगी तो उसने अपना अंगूठा दे दिया । लेकिन आज स्थिति यह है कि अगर गुरु शिष्य की बात नहीं मानता है तो वह उसको छुरे से मारने के लिए जाता है । ऐसी स्थिति

में जो सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन हुआ है वह ठीक नहीं है। शिक्षक लक्ष विहीन है और हमारे समाज मे बड़ों के प्रति आदर की भावना खत्म होती जा रही है। मैं चाहता हूं कि इस तरह की जो पहले हमारे देश में भावना थी कि ऐसी वृत्ति प्रदर्शित करने वाला अच्छा माना जाता था वह बनी रहे और अपने गुरु तथा बडों के प्रति आदर का भाव बना रहे तथा उनका आदर किया जाय। इसके अभाव में आज हमारे देश मे इस तरह की अवस्था बढ़ती जा रही है जिसे रोकना आवश्यक है।

सभापति महोदय, हमारे सरकार की गलत नीति के कारण भी हमारे समाज मे इस तरह की अव्यवस्था फैल रही है। आज हमारे देश में इस तरह की मनोवृति पैदा हो गई है कि अगर किसी को कोई अपनी बात मनवानी होती है तो वह एजिटेशन शुरु कर देता है और हमारी सरकार भी एजिटेशन के सामने झुक जाती है। इस बात का प्रारम्भ आन्ध्र प्रदेश में श्री राम लल पुलु के आमरण अनशन से हुआ जो उन्होने आन्ध्र के निर्माण के लिए किया था। उस समय वहां पर एजिटेशन शुरू हुआ और उन्होने अपनी आहुती आन्ध्र प्रदेश के निर्माण के लिए दे दी कि सरकार पसीजेगी और झुकेगी। सरकार उस समय झक गई; इसी प्रकार महाराष्ट्र का, पंजाब का निर्माण हुआ और उसका प्रतिबिम्ब आज हमें विद्यार्थियों के आन्दोलन में भी दिखलाई दे रहा है। अगर विद्यार्थीयों को खाना खराब मिलता है तो वे सामुहिक आन्दोलन शुरु कर देते है क्योंकि हमारी सरकार जब गलत काम करने के लिए झुक जाती है तो सही बात के लिए क्यों न झुकेगी। अगर स्कूलों में फीस बढा दी जाती है तो आन्दोलन शुरु हो जाता है क्योंकि हमारी सरकार गलत काम करने के लिए राजी हो गई है और उसने समय पर उचित माग पर ध्यान देने की आवश्यकता नही समझी। यही कारण है कि आज हम तोड़फोड़ की कार्यवाही देखते हैं और राष्ट्र की सम्पत्ति को नष्ट भ्रष्ट किया जाता है। जब लोग इस तरह की बातें करते है तब सरकार झुक जाती है और कहती है कि तुम्हारी मांग मानने के लिए तैयार है। इस तरह की जो मनोवृति हमारे देश में पैदा हो गई है उससे देश को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। इसलिए मैं चाहता हू कि हमारी सरकार योग्यता के आधार पर, औचित्य के आधार पर निर्णय करे। अगर कोई गलत काम करता है तो उसको सख्ती से दमन किया जाय। अगर सरकार इस तरह की कार्यवाही नही करेगी तो देश में जो अव्यवस्था फैली हुई है वह ठीक नहीं होगी।

सभापति महोदय, इन सारी बातो के पीछे राजनीतिक कारण भी दिखलाई देते है प्रजातंत्र मे किसी न किसी ने राजनैतिक दल का शासन तो रहेगा ही किन्तु कांग्रेस शासन ने शैक्षणिक क्षेत्र में भी अपना दखल देना शुरु कर दिया है जो अनुचित है। उसने शिक्षण संस्थाओं के प्रशासन मे अपनी नीतियों के आधार पर शैक्षणिक क्षेत्र में भी राजनीति का प्रवेश करा दिया है जिससे इस तरह की सारी गड़बड़ी पैदा हो गई है। आज राजनीति के अधार पर उपकुलपतियो की नियुक्ति की जाती है, सिनेट में राजनीतिक आधार पर नामांकन किया जाता है। कालेजों में विद्यार्थियो के प्रवेश में भी राजनीति का समावेश आ गया है और इस तरह से हमारी सरकार खराब काम करती जा रही है जिसके कारण सारे देश मे इस तरह की अव्यवस्था हो रही हो है।

इस समय हमारे देश मे जो विद्यार्थियों का आन्दोलन चल रहा है उसमे भी हमारी सरकार राजनीतिक फायदा उठाना चाहती है। मै आपके सामने उज्जैन का उदाहरण बतलाना चाहता हूं। हमारे मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री द्वारका प्रसाद मिश्र ने

[श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया

विधान सभा मे कहा कि उज्जैन में जनसंघ इन आन्दोलनों में काम कर रहा है । मै उस समय जेल मे था और जब जेल से बाहर निकला तो मैं तुरन्त कलैक्टर महोदय से मिला और पूछा कि मैं आप से जानना चाहता हूं कि जनसंघ के कौन से आदमियों का इस आन्दोलन में हाथ है ? मैंने कलैक्टर से कहा कि मैं आपके पास इसलिए नही आया हूं कि आप उसके खिलाफ कार्यवाही न करें, मैं चाहूंगा कि आप उसको सख्त से सख्त दंड दें । मैं तो सिर्फ इसलिये आया हूं कि अगर वह मेरी पार्टी का अदमी है तो मैं उसके खिलाफ अपने दल में डिसिप्लिनरी ऐक्शन ले सकू । इसका जवाब मुझे यह मिला कि Thousand times "no" from your party'. हमारे मध्य प्रदेश के कांग्रेस के मुख्य मंत्री कहते हैं कि इन आन्दोलनों में जनसंघ का हाथ था । इस तरह से अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लिए किसी के मत्थे बात मढ़ना अच्छी बात नही मालूम होती है । इससे तो अव्यवस्था देश मे बढ़ती ही चली जायेगी । मै इस तरह के एक नहीं अनेक उदाहरण दे सकता हूं ।

अध्यक्ष महोदय इस समय हमारी सरकार के प्रशासन में व्यवस्था बहुत बिगड़ती चली जा रही है जिसकी वजह से सारे देश में इस तरह की अराजकता देखने को मिल रही है । विद्यार्थियों की उचित माग का ठीक समय पर समाधान नही होता है । उनकी कोई और उचित माग है, तो उसका निर्णय ठीक समय पर नही होता है । आज देखने मे यह आता है कि इम्तहान के पहले ही पेपर आउट हो जाते है । विद्यार्थियो के डिवीजनों में गड़बड़ी होती रहती है । भिन्न भिन्न क्षेत्र मे भिन्न भिन्न डिवीजन होने की वजह से आज अव्यवस्था दिखलाई देती है । विद्यार्थियों के लिए अवास की व्यवस्था ठीक नहीं है, कोर्स के बाहर के प्रश्न रखे जाते है इस तरह की कई कठिनाइयां विद्यार्थियों की है । सरकार अपनी ईमानदारी का परिचय नही देती है तो विद्यार्थियो मे एक तरह का विद्रोह पैदा हो जाता है और वे अपना छोटा छोटा सगठन बना देते है बाद मे व्यापक रूप धारण कर लेता है । इसलिए हमारी सरकार को अपनी ईमानदारी का परिचय देना चाहिये ताकि विद्यार्थियों में उसका उचित असर पड़े ।

मैं आपके सामने कल की ही दुर्घटना की एक बात कहना चाहता हूं । कल की दुर्घटना में पहाड़ी धीरज का एक विद्यार्थी जिसका नाम श्री एस० के० जैन था, जिस के पिता का नाम कपूर चन्द जैन था, पुलिस की गोली से मारा गया और उसके पिता उसकी लाश को मुर्दखाने में रात को देख आये थे । उस समय उनसे कहा गया कि लाश को कल सबेरे ले जाना । लेकिन जब वे सवेरे जाते हैं तो लाश का कही भी पता नही चलता है और भगवान जाने कहा लाश चली जाती है । तो ऐसी स्थिति हमारे प्रशासन की हो रही है । अगर विद्यार्थी की लाश का पता नही चलेगा और उसके पिता को लाश नही दी जायेगी तो यह स्वाभाविक ही है कि विद्यार्थियो में रोष पैदा हो जाय और उसके परिणामस्वरूप रोष भड़के । इस दुर्घटना में जो दूसरे अन्य लोग मारे गये वह सरकार की अपनी गलती के कारण हुआ और उसकी सजा दूसरो को देने का सरकार की ओर से प्रयत्न किया जा रहा है । इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार इन छोटी छोटी बातों के ऊपर ध्यान देने का प्रयत्न करेगी तो व्यवस्था सुधरेगी

अध्यक्ष महोदय, मैं अब आपके सामने उज्जैन कांड की बात कहना चाहता हूं । मैंने घायल विद्यार्थियों से बातचीत की थी तो मालूम हुआ कि उनके ऊपर अश्रु गैस छोड़ा गया और विद्यार्थी बेहोस हो गये और उसके बाद उन्हें कुन्दो से मारा गया

तथा दूसरी मंजिल से विद्यार्थियों को फेंका गया। वहां पर प्राध्यापकों के ऊपर भी लाठी चार्ज किया गया। अब आप देख लीजिये कि अध्यापकों का भी जीवन सुरक्षित नहीं है और कालेज के प्रिमिसेज में उन्हें बूटलैग मारा जाता है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। जब हमारी सरकार छोटी-छोटी बातों की ओर ध्यान नहीं देती है तो इसका नतीजा यह हो रहा है कि आज हमें इस तरह की हिंसात्मक कार्यवाही के दुर्दिन देश में देखना पड़ रहा है।

मध्य प्रदेश में जो विद्यार्थियों का आन्दोलन शुरू हुआ था उसका मूल सूत्र ग्वालियर से ही शुरू हुआ। ग्वालियर की घटना इस तरह से हुई कि एक ट्रक वहां की पोलीटैकनिक इन्सटीट्यूट के खम्बे को गिरा कर भाग गया। दो विद्यार्थी रिपोर्ट करने के लिए पुलिस में जाते हैं लेकिन उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी जाती है। एक लड़के को वहीं पर बिठला लिया जाता है और दूसरे को चांटा मारकर रवाना कर दिया जाता है। तब विद्यार्थी कमिश्नर के पास जाते हैं कि इस सारी घटना की जांच करायी जानी चाहिये। मगर इस चीज़ की वहां पर कोई जांच नहीं होती है और मारपीट शुरू हो जाती है और झगड़े का यही कारण बनता है। अगर देखा जाय तो इस तरह की छोटी छोटी बातों की वजह से देश का अहित होता जा रहा है क्योंकि हमारी सरकार समय पर निर्णय नहीं ले पाती है। इसी का यह नतीजा है कि आज हमें इस तरह की बातें सारे देश में देखने को मिलती हैं।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह के शैक्षणिक कारण हैं। हमारे प्राथमिक माध्यमिक, हायर सेकेन्डरी और कालेज के विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी तरह का तालमेल नहीं है। उनको छोटे दर्जों में हिन्दी द्वारा शिक्षा दी जाती है और जब वे बड़ी कक्षाओं में चले जाते हैं तो उनकी पढ़ाई अंग्रेजी द्वारा की जाती है। इस तरह की सारी अव्यवस्था के कारण विद्यार्थी अपना दिमाग मेकअप नहीं कर पाते हैं। इसी तरह की कई कठिनाइयां है। आज विद्यार्थियों को विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलता है। एक तरफ तो कहा जाता है कि लड़कों को पढ़ना चाहिये और दूसरी तरफ उनको विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलता है और प्रवेश में पक्षपात किया जाता है। मैं काशमीर का ज्वलंत उदाहरण आपके सामने रखना चाहता हूं और इसकी जितनी निन्दा की जाय वह कम है। इस अखबार में लिखा है :

"Bansi Kumari Bhat becomes Shamima Banu Horrible consequences of Kashmir Admissions Policy. Eleven students of Anantnag in Kashmir—Roop Krishan Raina, Piaray Lal Koul, Kanya Lal Raina, Bansi Kumari Bhat, Oma Shri, Roop Lata Zutshi, Piaray Lal Thaploo, Mohan Lal Thaploo, Chaman Lal Koul, Roshan Lal Koul and Ashok Kumar Pandit—have embraced Islam."

वह क्यों एम्ब्रेस कर लिया, उसका सारा वर्णन इसमें दिया हुआ है। उनके एडमीशन में प्रायरिटी . . .

SHRI AKBAR ALI KHAN: Which paper?

SHRI V. M. CHORDIA: "Organiser"

श्री ए० डी० मणि : 'आर्गेनाईज़र' बहुत अच्छा पेपर है।

श्री विमलकुमार मंगलालजी चौरड़िया : तो यह जो प्रायरिटी जाति के आधार पर दी जाती है उसके परिणामस्वरूप इसमें दिया है :

"Last year Government admitted students with 37% to 45% marks in preference to those who had secured 55% marks or above. This preference was shown to Muslim children and VIP children. Many students appealed to the High Court. and the State Government had to cut a very sorry figure."

[श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया]

इसमें वर्णन देते हुये वे कहते हैं कि हमारे पालकों के साथ नौकरी में सब तरह का पक्षपात किया जाता है, इसलिये हम मजबूर होकर के इसलाम ग्रहण करते हैं। इस तरह की हीन मनोवृत्ति अगर देश में चलती रही और इस तरह का पक्षपात प्रवेश में होता रहा तब भी अगर हम यह अपेक्षा करें कि समाज में कुछ नहीं होगा और समाज शान्ति से बैठेगा तो यह संभव नहीं है। इसलिये मैं प्रार्थना करूंगा कि हमारे शासन को इस दिशा में भी कुछ ध्यान देना चाहिये।

हमारी स्वास्थ्य मन्त्री एक जगह मीटिंग मे थीं और वहां मैं भी था। वहां उन्होंने यह उदाहरण दिया कि मेडिकल कालेजेज में प्रविष्ट होने के लिये भी पक्षपात चलता है और मैं इसका प्रयत्न करती हूं कि वह मिटे मगर वह होता जरूर है। तो जब तक इन कारणों को ठीक नहीं किया जाय, हमारे समाज मे शान्ति स्थापित नही हो सकती है। इसलिये केवल शैक्षणिक कारणों को ही नहीं, राजनैतिक आर्थिक सामाजिक और प्रशासनिक आदि सभी कारणों का अध्ययन करके जब तक हम उनका हल नहीं करेंगे तब तक हमारे यहां ठीक व्यवस्था हो सकेगी यह सम्भव नहीं है; बल्कि स्थिति और बद से बदतर होती जाएगी। आज जो देश में हमें अराजकता का भाव दिख रहा है कि वहां पर ट्रेनें जला दीं, वहा पर मोटरें जला दीं, वहां पर प्लेटफार्म तोड़ दिये, वहां पर मकान जला दिये, यह सब हमारी सरकार की आज तक अपनाई गई गलत नीतियों के कारण है। तो मैं चाहूंगा कि हमारे मन्त्री महोदय इसके बारे में कुछ सोचें और व्यापक रूप से इस पर विचार किया जाय जिससे हमारे भारत के भविष्य का निर्माण करने वाले जो विद्यार्थी हैं वे ठीक बन सकें और हमारा भविष्य उज्ज्वल हो सके। इसके लिये आवश्यक है कि केवल हमारी सरकार ही नही, सारे हमारे राजनैतिक दल मिल कर के इसके बारे में निर्णय लें और निर्णय ले करके एक ठोस योजना ऐसी बनायें जिसकी वजह से हमारे जो भारत के भावी निर्माता हैं उनका भविष्य खराब न हो।

अध्यक्ष महोदय, फिर भी मैं कुछ तात्कालिक उपाय देना चाहता हूं। सबसे पहले यह बात कहना चाहता हुं कि आज तक आपने जितनी कमेटियां बनाई और उनमें जितनी सिफारिशें की, उनको कार्यान्वित करने का कष्ट करें। उसमें किसी प्रकार हीला हवाला करने की आवश्यकता नहीं है कि पैसा नहीं है, हमारे पास साधन नही है मैंने इस कमेटी की रिपोर्ट को भी पढ़ा है मगर इसको कार्यान्वित न करने से यह किसी काम की नही रही।

दूसरा निवेदन यह है कि हमारा देश स्वतन्त्र है और विद्यार्थी भी राजनीति के ज्ञान से अनभिज्ञ नहीं रह सकते, मगर राजनैतिक दलों से उनका कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये और राजनीति में उनका उपयोग हो, यह मैं उचित नहीं समझता। इसके लिये सब दलों को मिल करके निर्णय ले करके आगे बढना चाहिये जिससे हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

तीसरे मैं यह चाहूंगा कि विश्वविद्यालयों को पूर्ण स्वतन्त्रता दी जानी चाहिये, उनको पूरी आटोनामी होनी चाहिये। जब तक वहां पर उपकुलपति मांग नहीं करे, पुलिस को प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिये। उपकुलपति कहता है कि हम नियन्त्रण कर लेंगे लेकिन नन्दा जी की पुलिस वहां जाकर के लाठी चार्ज करती है, कमरों में घुस-घुस करके लोगों को पीटती है फिर आप कैसे आशा कर सकते हैं कि वहां नियन्त्रण रहेगा। विद्यार्थी जिस उपकुलपति की श्रद्धा करते है, उसी को जब वे देखते हैं कि उसकी बात नहीं चलती तो वे भी कोई चिन्ता नही करते हैं और उसकी वजह से एजीटेशन प्रारम्भ होता है। इसलिये प्रत्येक विश्वविद्यालय में कुछ ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये जो विद्यार्थियों

की शिकायतों को सुन करके उनका हल कर सके । जब तक यह नही होगा तब तक छोटी-छोटी बातों पर भी आन्दोलन हो सकता है । अध्यक्ष महोदय, यह आपने भी सुना होगा कि खाना ठीक नहीं मिला इसी बात को ले करके आन्दोलन कर दिया गया । कभी फीस के बारे में आन्दोलन हो जाता है । फिर हमारी सरकार कभी-कभी अपनी प्रशासनिक दुर्बुद्धि का भी उपयोग कर लेती है और उसकी वजह से सारा एजीटेशन प्रारम्भ हो जाता है । ला स्टूडेंट्स के बारे में बार कौंसिल का कुछ पता नहीं और उसके लिये बन्धन कर दिया गया कि उसकी परीक्षा देनी पड़ेगी और फिर आगे तारीख बढ़ाते गये । मैं प्रार्थना करता हूं कि जैसा इंजीनियरिंग कोर्स के लिये होता है कि उनको एक साल के लिये उम्मीदवार की तरह काम करना पड़ता है उस तरह इनको भी एक साल वकीलों के साथ काम करने का मौका दिया जाय और उसके लिये किसी परीक्षा का बन्धन न रखा जावे ।

आज भी बहुत से जिन्होंने एल० एल० बी० नहीं किया है वे एल० एल० एम० करने वालों से ज्यादा कमा लेते हैं । अगर उन में योग्यता नही होगी तो वे कभी कुछ नहीं कर पायेंगे । इसलिये यह बार काउन्सिल की परीक्षा का बन्धन हटना चाहिये ।

अध्यापकों एवं प्राध्यापकों की नियुक्तियां शैक्षणिक योग्यता के साथ उनके आचरण, उनकी ईमानदारी, उनकी समाज में कितनी प्रतिष्ठा है इन सब बातों को ध्यान में रख कर की जानी चाहिये ताकि विद्यार्थी उनके प्रति श्रद्धा रख सकें ।

फिर उनका वेतनमान इतना अच्छा होना चाहिये कि वे समाज में समय के मान से प्रतिष्ठा का जीवनयापन कर सकें और धनाभाव से उनकी समाज मे अप्रतिष्ठा न हो ।

शिक्षा आदर्शपूर्ण हो । साथ ही विद्यार्थी को अपना जीवनयापन करने के लिये भी सक्षम बना सके । ऐसा लक्ष्य बना करके हमारी शैक्षणिक व्यवस्था होनी चाहिये ।

अध्यापकों, प्राध्यापकों एव विद्यार्थियों के बीच सम्पर्क रहना चाहिये । आज शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों की संख्या काफी है और उसी मान से शिक्षण संस्थाओं का विकास करने की आवश्यकता है । अध्यापकों और विद्यार्थियों में आपसी बातचीत का अभाव रहता है । इसलिये यह व्यवस्था भी की जानी चाहिये ।

पुस्तकालय, लेबोरेटरीज़, खेल के मैदान आदि का प्रबन्ध हो । जब इस विषय पर चर्चा होगी तो इस पर और भी कांस्ट्रीक्टिव सुझाव आयेंगे । मैंने अपने नम्र मत से जो निवेदन किया है उस पर भी ध्यान दे करके इन सारे कारणों को दूर करने के लिये कोई ठोस योजना बना करके, सर्वदलीय समिति बना करके यदि इसका ठीक हल करने की कृपा करेंगे तो लाभ होगा अन्यथा यह स्थिति बद से बदतर हो जायगी और देश में अराजकता बढ़ती जायगी । धन्यवाद ।

The question was proposed.

SHRI G. MURAHARI (Uttar Pradesh): Sir, I move:

1. "That at the end of the motion the following be added, namely:—

'and having considered the same, this House is of opinion that the following measures should be taken by Government to meet the students' problems:—

(i) compulsory and free education should be provided up to the Intermediate standard;

(ii) "fancy" schools should be abolished and uniform type of schools should be provided for all;

(iii) restrictions on admission to colleges and universities should be abolished;

(iv) education should be imparted only through the medium

[Shri G. Murahari.]

of the mother-tongue or regional language;

(v) students' unions with compulsory membership should be established;

(vi) free education up to the highest standard should be provided for the students who are socially and economically backward;

(vii) ex-Government servants and ex-Ministers should not be appointed as Vice-Chancellors and Principals;

(viii) arrangements should be made for low-cost hostels and cheap meals for the children of those persons whose monthly income is less than three hundred rupees and Government subsidy should be given for this purpose;

(ix) no restriction should be placed on political parties starting youth organisations in the universities or colleges and on the students for participating in them;

(x) arrangements should be made for providing jobs according to the aptitudes and qualifications of the students who have completed their University, College or school education;

(xi) entry of the police into temples of learning should be altogether banned;

(xii) the principle of "equal remuneration for equal service" should be immediately implemented in all government and non-government educational institutions;

(xiii) the teachers should ordinarily have the right to participate in the politics of their choice;

(xiv) the State Governments should spend 20 per cent of their budgets and the Central Government 10 per cent of its budget on education under any circumstance;

(xv) inaugural and convocation address by Ministers and government servants in the temples of learning should be strictly banned;

(xvi) special emphasis should be laid on technical education;

(xvii) an impartial judicial enquiry at the highest level should be conducted at places where firing has been resorted to in connection with the students' agitations and the officers in charge of the administration of those places should be immediately transferred;

(xviii) all the persons arrested in connection with the agitation should be released unconditionally and the cases filed and warrants issued against the student leaders should be withdrawn;"

(The amendment also stood in the name of Shri Rajnarain)

SHRI BANKA BEHARI DAS (Orissa): Sir, I move:

2. "That at the end of the motion the following be added, namely:—

'and having considered the same, this House is of opinion that a high-powered Inquiry Commission, consisting of Members of Parliament, Educationists and other eminent men under the Chairmanship of a Judge of the Supreme Court be set up to inquire into the causes of the widespread student unrest in the country'."

SHRI A. P. CHATTERJEE (West Bengal): Sir, I move:

3. "That at the end of the motion the following be added, namely:—

'and having considered the same, this House is of opinion that a permanent negotiating machinery should be set up at the Union Government level to look into the grievances of students and to serve as a means of dialogue between the representatives of students and the Government'."

The questions were proposed.

SHRI S. K. VAISHAMPAYEN *(Maharashtra): Mr. Chairman, before* I make my observations on the Subject-matter of this motion, permit me to thank you, Sir for giving precedence to this motion. It shows the importance that the question of student unrest has come to assume in recent days and in our present day life. It is but natural that it should be so. Everyone of us—the parent, the teacher, the educationist, the administrator, the social and political worker —has a feeling of anxiety in each one's mind and we are pondering as to why the student of today is so uneasy and angry. Students are but hopes of tomorrow. They are the makers of democracy and the nation. They are the preservers of all the ideals that we have struggled for. And if it is found that this community is amenable or has been amenable to an anarchist way of thinking, a trend which will blast the very foundations of our democratic social fabric, where is the hope? Is it not a red signal for all of us? We have, therefore, to pause, analyse and find out real measures which will try to remove this unrest.

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

The student community and the unrest in them is also a delicate question. The community, let it be understood, has both the potentialities. It catches fire like a dry stack of grass under certain conditions, but it really can be an atomic power plant useful for the healthy growth of the community as a whole. So, I expect and wish that the debate on this motion be an objective and dispassionate one. The views expressed here by Members may be critical, but there should be constructive suggestions also. Let it be noted that if we do not act jointly now, the present trends will not only mean the end of law and order and peaceful conditions of growth, but will also mean an end of what even the Opposition stands for. The problem has, therefore, to be analysed firstly from the point of view of the immediate present, *viz.*, what exactly happened during the last one or two months and, secondly, from the point of view of long-range solutions, namely, the deeper reasons behind the outbursts. I shall, first of all, give my observations about the immediate present. It is true that there have been cases of student indiscipline in the past, but they have not been so widespread and violent. What made the students almost in three or four States so angry? What were the kinds of grievances, what were the methods used? All these need to be examined and a co-ordinated picture formed. What does the factual analysis of the events that took place over the months of September and October point to? Madam, before I give out my analysis let me point out that I have prepared detailed statement of these events from the reports which have appeared in papers like the "Times of India." I have tried to read minutely the reports about all these incidents of student unrest. I am convinced that a clear picture, a clear impression can be formed only if a co-ordinated view of the events is taken. I have tried that and I am submitting in brief my observations thereon. In noting and reading these reports there might have been some mistake or omission. But this error will be the order of three per cent and not more.

Now coming to the factual analysis of what happened during the last two months, let me put it in a summary form, in brief. The analysis covers

[Shri S. K. Vaishampayen.]

incidents over a period of one and a half months.

September was a month of student unrest in Madhya Pradesh. October was a month of student trouble in U.P. and Bihar and partly in West Bengal.

In September there were altogether 48 disturbances at 40 places. Out of these only 4 disturbances had some relation with academic matters, and there were 8 other disturbances which were of a non-academic character and which were also on paltry issues.

In the first fortnight of October there were 27 disturbances at 26 places, two of the disturbances alone having some bearing on academic issues, whereas 5 disturbances were such which were non-academic and having a bearing on paltry issues.

Coming to the academic issues that were involved, what were they? In Delhi there was a demand for the abolition of the Bar Council examination. In Warangal there was a demand for the transfer of a lecturer. In Kozikode there was a demand for better hostel facilities and reduction of fees.

In Bombay there was that incident about a girl's mouth having been sealed with a sticking plaster by her teacher. At Lucknow there were demands of the Ayurvedic College students, but these demands had really no support among the student community. In Jammu there was the students' fast in the Agricultural College.

Coming to the other non-academic and paltry issues, let me enumerate them in brief before you.

In Bhopal there was a scuffle with the S.T. officers. In Srinagar the students protested and demonstrated because the police detained a lecturer, for interrogation in a sabotage case. In Sibpur, in Calcutta, there was a scuffle between students and people which took place about four days earlier. In Jaipur some articles appeared in a local paper about mismanagement of a local hospital, and therefore the students of the Medical College struck work and demonstrated and protested and there was a disturbance.

In Rohtak there was a protest against the arrest of a Jan Sangh M.L.A. In Bankura there was a hartal by the United Leftist Front and the students joined that. In Jammu there was a clash with a Minister's son and therefore the students went on a strike and protested. In Jabbalpur there was a clash with some people.

In Samastipur in Bihar, there was a fight with a cobbler for charges about boot polishing. In Sahasra the students wanted to break the C.M.'s meeting. In Calcutta there was a clash between the N.C.C. boys and the transport authorities. In Kasargode there was an agitation about the appointment of a Commission for deciding the boundary question. In Trivandrum there was a demand from the students that the pay scales of engineers of the Electricity Board should be improved.

Taking these non-academic and academic issues that were involved, we should try to deduct these from the total number of incidents that took place, and we will find that 56 disturbances that were there in the month of September and the fortnight of October were the result of the incidents which took place at Indore and Gwalior and later on at Lucknow. All the rest of the disturbances which took place at other places were merely a sort of chain reaction to the incidents that took place at Indore and Gwalior and at Lucknow. So far as these are concerned, it is also very important that we should try to know what exactly happened at Indore. At Indore a daily published a news about a scuffle between two student groups and alleged that the students of the Vaishnav College had attacked the other students with a pen-knife. The students became angry and they demanded a contradiction from the

editor. The contradiction was not given and therefore the students went and raided that particular press and attacked the editor and therefore the situation became violent. This was the whole incident and as a result of this Sec. 144 had to be promulgated by the district authorities. This news reached Gwalior and there also the whole atmosphere became tense and therefore the authorities feared that there would be some trouble and they promulgated Sec. 144. Later on the students went on defying the ban that was imposed. There were clashes, pitched battles, in Indore and Gwalior, and then later on whatever happened in other places was a sort of chain reaction to these particular incidents. Whatever incidents had taken place in U.P., the demand of the students is that the police excesses that were committed in Madhya Pradesh should be enquired into. The 56 disturbances that took place over a period of 1-1|2 months in three or four different States were the result of what happened at Indore and Gwalior. This is what made the students angry. Some of the features of these disturbances were almost of a particular pattern namely, that the processions were taken out in defiance of Sec. 144 that was promulgated or in defiance of the curfew that was there; the processionists made police vans and police chowkis their targets—that was one very significant feature of all these 56 disturbances which must be taken note of. Another feature of these demonstrations is there was damage to railway property, telephone property and other things. Here I must submit that at the three places, namely, Indore, Jaipur and Gwalior, the press there was attacked, the editors were attacked. Midnight attacks were made at Jabbalpore, Gwalior and Indore. All these must be taken note of by all of us as to why there were these disturbances, what form they took and in which direction they were led. Besides, there are two other significant facts which must be taken note of. I have gone through every report of these incidents and tried to find out how many students were injured and how many police constables were injured.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You must wind up. There are many Members who want to speak.

SHRI S. K. VAISHAMPAYEN: I have taken ten minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have taken fifteen minutes. You will have one or two minutes, but you must wind up.

